# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

**सोमवार, दिनांक 26 जुलाई, 2010 (श्रावण 4, 1932)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. कारगिल विजय दिवस पर विशेष उल्लेख

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष तथा अध्यक्ष महोदय द्वारा भारतीय सेना के जवानों की बहादुरी को स्मरण किया गया तथा सदन एवं मध्यप्रदेश की जनता की ओर से वीर शहीदों के प्रति श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

### 2. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से 14 प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित 138 तारांकित प्रश्नों के उत्तर तथा 156 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे।

### 3. स्थगन प्रस्ताव

भोपाल गैस त्रासदी से पीड़ित व्यक्तियों को उपयुक्त इलाज एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं न मिलने विषय के सम्बन्ध में स्थगन प्रस्ताव की प्राप्त 4 सूचनाओं में से श्री आरिफ अकील, सदस्य की सूचना अधिक तथ्यात्मक होने से, अध्यक्ष महोदय द्वारा पढ़ा गया। मुख्यमंत्री की सहमति के पश्चात्, स्थगन प्रस्ताव ग्राह्य कर प्रारम्भ की गई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

(1) श्री आरिफ अकील

(2) श्री पारस दादा सकलेचा

(3) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा

(4) डॉ. कल्पना परूलेकर

(5) श्री बाबूलाल गौर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री

### 4. सदन के समय में वृद्धि

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन की सहमति से भोजनावकाश स्थगित कर स्थगन प्रस्ताव पर कार्यवाही पूर्ण होने तक समय में वृद्धि की गई।

### 5. स्थगन प्रस्ताव (क्रमशः)

(6) श्री रामलखन सिंह

(7) श्री उमाशंकर गुप्ता, गृह मंत्री

**उपाध्यक्ष महोदय (श्री हरवंश सिंह) पीठासीन हुए।**

(8) श्री नर्मदा प्रसाद प्रजापति

(9) श्री अजय विश्नोई, पशुपालन मंत्री

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

(10) श्री रामनिवास रावत

(11) श्री विश्वास सारंग

(12) श्री अजय यादव

(13) चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रभारी नेता प्रतिपक्ष

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

अपराह्न 3.22 बजे विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 27 जुलाई, 2010 (श्रावण 5, 1932) के प्रात: 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 26 जुलाई, 2010**